20 अप्रैल तक प्रतिबंधित

मीडिया विज्ञप्ति

20 अप्रैल 2023

NZ ऑन एयर द्वारा न्यू म्यूजिक पैन-एशियन फंड (अखिल एशियाई नया संगीत अनुदान) की घोषणा

Aotearoa (आओटियारोआ) में पैन-एशियन (अखिल एशियाई) संगीत समुदाय के लिए अपनी तरह का पहला नया फंड है

आओटियारोआ में पैन-एशिय संगीत समुदाय का समर्थन करने के लिए एक नया लक्षित फंड जिसे अपनी तरह का पहला फंड माना जाता है, अभी लॉन्च (आरंभ) किया गया है।

NZ ऑन एयर न्यू म्यूजिक पैन-एशियन फंड (अखिल एशियाई नया संगीत अनुदान) को आओटियारोआ में उपलब्ध पैन-एशियन संगीत सामग्री की गुणवत्ता की मात्रा को बढ़ाने और पैन-एशियन तथा मुख्यधारा के दर्शकों से जुड़ने के लिए कलाकारों का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है।

इसे संगीत क्षेत्र में पैन-एशियन कलाकारों के न्यायसंगत प्रतिनिधित्व की कमी के कारण स्थापित किया गया था।

NZ ऑन एयर की हैड ऑफ म्यूजिक (संगीत प्रमुख) टेरेसा पैटरसन का कहना है कि "NZ ऑन एयर में, हमने 2020 से एक संगीत विविधता रिपोर्ट तैयार की है जो दर्शाती है कि पैन-एशियन न्यूज़ीलैंड संगीतकारों को आओटियारोआ संगीत क्षेत्र में कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है"।

2021/22 में, न्यू म्यूजिक सिंगल फंड में एशियन के रूप में पहचाने जाने वाले आवेदकों द्वारा किए गए आवेदनों की कुल संख्या 2020/21 में किए गए आवेदनों की 3.56 प्रतिशत से बढ़ कर 4.14 प्रतिशत हो गई थी। न्यू म्यूजिक प्रोजेक्ट फंड में एशियन के रूप में पहचान किए गए आवेदकों की संख्या 2020/21 में 4% थी जो घट कर 2021/22 में शून्य हो गई थी। हालांकि, 2021/22 में यूरोपीय और एशियन के रूप में पहचान किए जाने वालों की संख्या 4.4% थी।

यह फंड मई के संगीत माह के दौरान 4 मई 2023 को खुलेगा और 25 मई 2023 को बंद हो जाएगा।

NZ ऑन एयर ने आओटियारोआ संगीत समुदाय के पैन-एशियन प्रतिनिधियों के साथ परामर्श किया ताकि आरंभ से ही यह सुनिश्चित किया जा सके कि पैन-एशियन (अखिल एशियाई) समुदाय के सामने प्रस्तुत चुनौतियों को स्पष्ट रूप से समझा जा सके और यह फंडिंग उन चुनौतियों को संबोधित करने में कैसे मदद कर सकेगी।

उन प्रतिनिधियों में से एक, Tāmaki Makaurau निवासी Yee Yang ‘Square’ Lee (यी यैंग 'स्क्वायर' ली) जो कलाकार प्रबंधक **और** एशियन आर्ट्स मूवमेंट (एशियाई कला आंदोलन) Where The Asians At? (Aotearoa) के संयोजक हैं।

स्क्वायर कहते हैं, "यह आओटियारोआ में हमारे पैन-एशियन रचनात्मक समुदाय के लिए अतिदेय समर्थन है।" ““NZ ऑन एयर द्वारा साथ लाए गए परामर्श समूह की व्यापक भावना वास्तविक प्रत्याशा में से एक थी। हमारा मानना है कि आओटियारोआ में पैन-एशियन संगीत के लिए यह अपनी तरह का एक पहला लक्षित फंड है।

"उस वार्तालाप में भाग लेने वालों में हर कोई तेजी से बढ़ते महत्वपूर्ण क्षेत्र की खाई को पाटने के लिए NZ ऑन एयर के नेतृत्व के बारे में उत्साहित था और यह जानकर उत्तेजित थे कि वे इस फंड को जगह दे रहे हैं।”

20 अप्रैल तक प्रतिबंधित

Square (स्कायर) ने पहले भी NZ संगीत आयोग के समर्थन के साथ केयर (सेंटर फॉर कल्चर-सेंटर्ड अप्रोच टू रिसर्च एंड इवैल्यूएशन) द्वारा, एशियन न्यूज़ीलैंड संगीतकारों को पूर्ण और स्थायी संगीत-संबंधित कार्य तक पहुँचने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में प्रारंभिक शोध शुरू किया है।

NZ ऑन एयर ने पैन-एशियन स्क्रीन कलेक्टिव (PASC) के साथ पैन-एशियन स्क्रीन डेवलपमेंट और प्रोडक्शन इनिशिएटिव्स में सफलतापूर्वक निवेश किया है, ताकि स्क्रीन सैक्टर में पैन-एशियन भागीदारी को मजबूत करने के लिए लक्षित निवेश प्रदान किया जा सके।

पैटरसन कहते हैं, "उस पहल ने स्क्रीन स्पेस में पैन-एशियन सृजनात्मकता की तकनीकी और व्यावसायिक क्षमता को सफलतापूर्वक प्रोत्साहित किया है।"

"पैन-एशियन प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए NZ ऑन एयर की प्रतिबद्धता अब कुछ ऐसा लक्ष्य है जिसे हम संगीत क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं।"

<u>फंड (निधि) विवरण</u>

अधिक जानकारी के लिए, www.nzonair.govt.nz/funding/apply-music-funding/ पर जाएं

न्यू म्यूजिक पैन-एशियन एक एकल-ट्रैक (गाना) फंडिंग (अनुदान) योजना है जो $10,000 तक की राशि निम्न की लागत के लिए प्रदान करती है:

- रिकॉर्डिंग, मिक्सिंग, मास्टरिंग (कुशलता हासिल करना), कोई अतिरिक्त प्रोडक्शन, या एकल गाने पर ही काम करना
- एकल गाने के प्रचार और रिलीज़ (विमोचन) में सहायता के लिए दृश्य सामग्री तैयार करना। यह एक संगीत वीडियो, परोक्ष सामग्री, लघु फिल्म, वीडियो की एक श्रृंखला आदि के रूप में हो सकता है।
- आपके एकल गाने के प्रचार और मार्केटिंग को बढ़ावा देने में मदद के लिए जिससे इसे आपके मौजूदा दर्शकों और उससे आगे के लोगों द्वारा सुना और देखा जा सकता है।
- न्यू म्यूजिक पैन-एशियन फंडिंग (अखिल एशियाई नया संगीत अनुदान) आओटियारोआ में उन सभी संगीतकारों के लिए उपलब्ध होगी जो अपनी पहचान पैन-एशियन के रूप में करते हैं। पैन-एशियन, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित किया गया है, पूरे एशिया के साथ-साथ मध्य पूर्व को भी शामिल करता है।
- नए संगीत एकल अनुप्रयोगों के विपरीत, आवेदन करने के लिए कोई न्यूनतम मानदंड आवश्यक नहीं है।
- सभी आवेदन गुरुवार **25 मार्च, शाम 4 बजे** की समय सीमा से पहले किए जाने चाहिए।
- newmusicsingles.nzonair.govt.nz पर आवेदन करें